सं. ई-14012(1)/1/2023/सहकारिता

**भारत सरकार**

**सहकारिता मंत्रालय**

(राजभाषा अनुभाग)

द्वितीय तल, अटल अक्षय ऊर्जा भवन,
लोधी रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 29 मई, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: सहकारिता मंत्रालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही बैठक का आयोजन ।**

सहकारिता मंत्रालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही बैठक का आयोजन **संयुक्त सचिव (प्रशा.) महोदय की अध्यक्षता में उनके कक्ष में दिनांक 02 जून, 2023 (शुक्रवार) को अपराह्न 03.00 बजे से** होना निश्चित हुआ है ।

2. बैठक की कार्यसूची निम्नवत् है:

| | |
|---|---|
| मद सं. 1 | राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2023-24 में उल्लिखित राजभाषा संबंधी लक्ष्यों, विशेष रूप से निम्नलिखित पर चर्चा:-<br>• राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) का शतप्रतिशत अनुपालन<br>• राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का शतप्रतिशत अनुपालन<br>• हिन्दी में मूल पत्राचार और फाइल पर हिन्दी टिप्पणियों के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति |
| मद सं. 2 | हिन्दी में कार्य करने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए वार्षिक कार्यक्रम 2023-24 के अनुसार प्रत्येक तिमाही में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन |
| मद सं. 3 | मंत्रालय के प्रभागों और अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों का राजभाषायी निरीक्षण |
| मद सं. 4 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई मद । |

3. समिति के सभी सदस्यों (सूची संलग्न) से अनुरोध है कि उपर्युक्त बैठक के लिए निर्धारित तारीख एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें ।

इसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है ।

**संलग्नक: यथोपरि ।**

**(सैयद मुहम्मद सादिक)**
उप-निदेशक (राजभाषा)
एवं सदस्य-सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति

सेवा में,

1. संयुक्त सचिव (प्रशा.) एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सहकारिता मंत्रालय ।
2. सहकारिता मंत्रालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य (संलग्न सूची के अनुसार) ।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. सचिव (सहकारिता) के पीएसओ ।
2. अपर सचिव एवं सीआरसीएस, सहकारिता मंत्रालय ।
3. संयुक्त सचिव (सीडी), सहकारिता मंत्रालय ।
4. अवर सचिव (सामान्य प्रशा.) को इस अनुरोध के साथ कि उक्त बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों/अधिकारियों के लिए जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।
5. संबंधित अधिकारी, एनआईसी को मंत्रालय की वेबसाइट में अपलोड करने के लिए ।
6. गार्ड फाइल ।